# भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत कर जी-20 एजेंडे को और अधिक गति दी जाएगी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश और नरेंद्र नगर में 25 मई से तीन दिन तक जी-20 की बैठक में एसेट रिकवरी, भगोड़े आर्थिक अपराधियों, सूचना साझा करने के लिए सहयोग के औपचारिक और अनौपचारिक चैनलों, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संस्थागत ढांचे और आपसी कानूनी सहायता से संबंधित कई प्रमुख विषयों और क्षेत्रों पर गहन और उत्पादक विचार-विमर्श हुआ है। इसमें मंथन के बाद यह तय किया गया कि एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक आगामी 9 से 11 अगस्त 2023 को कोलकाता में की जाएगी।
प्रतिनिधियों ने बैठक में भ्रष्टाचार को रोकने और उससे मुकाबला



करने के लिए तीन उच्च स्तरीय सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की। ये सिद्धांत हैं, जिम्मेदार सार्वजनिक निकायों और प्राधिकरणों की अखंडता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन संबंधी अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझाकरण को मजबूत करना और भ्रष्टाचार से संबंधित संपत्ति वसूली तंत्र को मजबूत करना।
एसीडब्ल्यूजी के पहले दिन, "लिंग और भ्रष्टाचार" पर एक साइड इवेंट भी किया गया। इस कार्यक्रम में विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री भारत सरकार मीनाक्षी लेखी ने मुख्य भाषण दिया। इस आयोजन के दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार के लैंगिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। महिला सशक्तिकरण आंतरिक रूप से भ्रष्टाचार विरोधी पहलुओं से जुड़ा हुआ है। इसके लिए संवेदनशील शासन और नीति निर्माण की आवश्यकता है।
प्रतिनिधियों को ऋषिकेश में प्रवास के दौरान भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और व्यंजनों के स्वाद लेने का भी अवसर भी प्राप्त हुआ।
एंटी-करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग की तीसरी बैठक के लिए भारत 9-11 अगस्त को फिर से कोलकाता में प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है। बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत करने के जी-20 के एजेंडे को और गति प्रदान करने के लिए भारत अब तक की पहली व्यक्तिगत भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी किए जाने पर भी मोहर लगाए जाने के साथ समापन हुआ। रविवार को सभी मेहमान नरेंद्र नगर स्थित ओणी गांव में भ्रमण कर भोजन भी करेंगे।

# महाविद्यालय में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय के भूगोल परिषद की ओर से शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। इसमें चार्ट, निबंध, क्विज, भाषण प्रतियोगिता आदि शामिल थे। प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।
महाविद्यालय कर्णप्रयाग में भूगोल परिषद की ओर से आयोजित चार्ट प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, शिवानी द्वितीय, अमित प्रकाश तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में मनीष प्रथम, अमित प्रकाश द्वितीय, रीना तृतीय, क्विज प्रतियोगिता अंजली प्रथम, सोनम द्वितीय, अजय तृतीय,इमॉडल प्रतियोगिता मे रवीन्द्र प्रथम, सुरेन्द्र द्वितीय, प्रभात तृतीय रहे। जबकि भाषण प्रतियोगिता मे अंकित प्रथम, मनीष द्वितीय और किरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती सिंघल ने कहा



कि छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धा के लिए इस तरह के विभागीय कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते है। डॉ. आरसी भट्ट ने कहा कि विषय के प्रति रुचि, विषय में हुई नयी खोज, शोध कार्य और नयी-नयी जानकारी के लिए भूगोल विभाग में इस तरह प्रतियोगिताओं का आयोजन महत्वपूर्ण होता है।
डॉ. तौफिक अहमद ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से विषय अधिक रुचिपूर्ण होता है। डॉ. नेहा तिवारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए इस तरफ प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण है।
इस मौके पर भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. तौफिक अहमद, डॉ. आरसी भट्ट डॉ. नेहा तिवारी पांडेय, शुभम रावत आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खराब मौसम में मेरु सुमेरु पर्वत पर फंसे तीर्थयात्री के लिए देवदूत बने एसडीआरएफ जवान

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम खराब होने से केदारनाथ के मेरु सुमेरु पर्वत पर फंसे तीर्थयात्री सचिन गुप्ता (38) के लिए एसडीआरएफ के जवान देवदूत बन गए। सचिन को सुरक्षित निकाल लिया गया है। वह वृंदावन (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं।
जिला नियंत्रण कक्ष ने 26 मई को एसडीआरएफ को सूचना दी थी कि केदारनाथ से भैरव मंदिर की तरफ तीन से चार किलोमीटर आगे मेरु सुमेरु पर्वत के पास एक तीर्थयात्री फंस गया है। मौसम खराब है। भारी बर्फबारी हो रही है। इसके बाद एसडीआरएफ टीम वहां के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ के जवान अत्यधिक विकट परिस्थितियों, दुर्गम मार्ग और भारी बर्फबारी के बीच अदम्य साहस का परिचय देते हुए पैदल बर्फ पर चलकर सचिन के पास पहुंचे। जवानों ने वैकल्पिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए सचिन को सुरक्षित केदारनाथ पहुंचाया। इसके बाद उन्हें विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### तुंगनाथ मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने का विरोध

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने पर स्थानीय हक-हकूक धारियों ने आपत्ति जताई है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं तुंगनाथ मंदिर के पुजारी हरीवल्लभ मैठाणी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर आप अपनी आपत्ति दर्ज की है।
पत्र में कहा गया कि सैकड़ों वर्षों से 86 गोठ गांव के हक-हकूक धारियों ने वंश दर वंश परंपराओं को कायम रखते हुए इस पौराणिक मंदिर की पूजा-अर्चनाएं, तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं दे रहे हैं। इतना ही नहीं मंदिर के चारों ओर स्वच्छता और साफ-सफाई को मध्य नजर रखते हुए हकदारी निस्वार्थ भाव से मंदिर के चारों सफाई का ध्यान रखते हैं। और प्राप्त कूड़े का भलीभांति निस्तारण भी करते हैं।
पत्र में कहा गया कि पौराणिक परंपराओं को मद्देनजर रखते हुए स्थानीय हक-हकूकधारी लोगों और पुजारियों द्वारा तुंगनाथ मंदिर में कार्य किए जा रहे हैं ,लेकिन कुछ दिन पूर्व से लगातार सुनने को मिल रहा है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा तुंगनाथ मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने को लेकर कवायद तेज कर दी है।
पत्र में कहा गया कि पुरातत्व विभाग ने मंदिर को सुविधा संपन्न बनाने के साथ-साथ इसके सर्वांगीण विकास के लिए समस्त हक-हकूकधारी खुशी व्यक्त करते हैं, लेकिन इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने से स्थानीय लोगों के हक-हकूकों पर कुठाराघात होना लाजमी है। ऐसे में 86 गोठ गांव की हकूकधारी इस मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने का विरोध दर्ज कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि यदि जबरदस्ती स्थानीय लोगों के आस्था पर कुठाराघात होता है, तो वह जनांदोलन छेड़ने को बाध्य हो जाएंगे।

### डी आई टी यूनिवर्सिटी में काउंसलिंग 11 जून को

**देहरादून।** डीआईटी यूनिवर्सिटी ने यूजी और पीजी के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की घोषणा की है जानकारी देते हुए वाइस चांसलर डॉ जी रघुराम ने बताया कि शैक्षणिक उत्कृष्टता और अभिनव कार्यक्रमों के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध एक प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीआईटी विश्वविद्यालय 11 जून, 2023 को अपने आगामी प्रवेश परामर्श सत्र की घोषणा करते हुए उत्साहित है। डीआईटी विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, फामेर्सी, आर्किटेक्चर, डिजाइन, लिबरल आर्ट्स, विज्ञान, प्रबंधन और नर्सिंग जैसे क्षेत्रों में 70 से अधिक विविध कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए ज्ञान के केंद्र के रूप में खड़ा है। 250 से अधिक प्रतिष्ठित विद्वानों के एक समर्पित संकाय के साथ, डीआईटी विश्वविद्यालय में छात्रों को एक आकर्षक और परिवर्तनकारी सीखने के माहौल का अनुभव होता है। बौद्धिक विकास को पोषित करने और रचनात्मकता को प्रज्वलित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत डीआईटी विश्वविद्यालय अत्याधुनिक क्षेत्रों में नए और आकर्षक कार्यक्रम पेश कर रहा है। छात्र अब चिप डिजाइन, इलेक्ट्रिक वाहन, सस्टेनेबल सिटी प्लानिंग, कार्बन न्यूट्रैलिटी, फिनटेक, कंप्यूटर विजन एंड बायोमेट्रिक्स, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों में अध्ययन कर सकते हैं। तेजी से बदलती दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से छात्रों को लैस करने के लिए इन कार्यक्रमों को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।

# बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्रों के घर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र-छात्राओं के घर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण पहुंचे।
उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में सुशांत चंद्रवंशी के 99 फीसद अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप करने पर और इन्टरमीडियट परीक्षा में हिमानी के 97 फीसद अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान पाने पर उनके माता- पिता को बधाई दी और छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर लक्ष्य प्राप्ति में हर प्रकार से मदद करने का भरोसा दिलाया।

# मोदी सरकार महिलाओं के हितों के कार्य में जुटी है : उषा वाजपेयी

**उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं**

**रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उषा वाजपेयी ने उत्तराखंड प्रवास कार्यक्रम के दौरान मलसी गांव में समरसता भोज कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वाजपेयी ने लोगों को केंद्र और राज्य की योजनाओं के विषय में विशेषकर महिलाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और



उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया।
उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसका फायदा देश की हर महिला को मिल रहा है। उन्होंने प्रभावशाली महिलाओं से आह्वान की वो गरीब, कमजोर और उत्पीड़ित महिलाओं की मदद करें और सरकार की महिलाओं के सुरक्षा उत्थान के योजनाओं की जानकारी दे। इससे पूर्व ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा के कार्यालय पर पहुंची उषा का महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उषा वाजपेयी ने एक अन्य कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकताओं और प्रभावशाली महिलाओं के साथ संवाद कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे कामों की जानकारी दी। भाजपा महिला जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने कहा की समरसता भोज कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना है ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति के साथ पार्टी के कार्यकताओं का जुड़ाव हो सके। जिला महामंत्री स्वाति शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो दलितों को सम्मान देती है और भाजपा कार्यकर्ता में हमेशा समरसता का भाव होता है। इस अवसर पर किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपा राय, शम्मी गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय, आईटी प्रकोष्ठ संयोजक रितु अग्रवाल आदि मौजूद थे ।
इस दौरान जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला,भाजपा कुमाऊं सहसंयोजक शैली फुटेला, ब्लाक प्रमुख ममता जलहोत्रा, ममता त्रिपाठी, मनदीप कौर स्वाति शर्मा आदि मौजूद थे।

# डॉ. रमेश कुमार शर्मा मुख्य संयोजक नियुक्त

**कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर केआर जैन ने शनिवार को डॉ. शर्मा की नियुक्ति की गई है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डीएवी (पीजी) कॉलेज देहरादून के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार शर्मा को सत्र 2023-24 के प्रवेश प्रक्रिया स्नातक प्रथम वर्ष और समस्त प्रवेश कमेटियों के मुख्य संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है।
कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर केआर जैन ने शनिवार को डॉ. शर्मा की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त संयोजक डॉ. रमेश कुमार शर्मा



ने बताया कि प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार की जाएगी। वर्तमान में विश्वविद्यालय ने सीईयूटी के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया को लिए निर्देशित किया गया है।
उन्होंने बताया कि भारत सरकार के अनु सचिव ने विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 15 मार्च के माध्यम से सचिव,यूजीसी से अनुरोध किया है कि कुछ प्रादेशिक भौगोलिक परिस्थितियों सीमित साधनों के प्रदेशों में केंद्रीय विश्वविद्यालय से एफिलेटेड कॉलेजों की प्रवेश प्रक्रिया में वर्तमान सत्र में भी पुरानी व्यवस्था के अनुसार किए जाएं।
डॉ शर्मा ने बताया कि जैसे ही विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश प्राप्त होंगे, उसका निर्वहन करेंगे , साथ ही प्रोफेसर शर्मा ने कॉलेज के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर सहयोगियों से अपेक्षा की है कि वह इस प्रक्रिया में पूर्व की भांति सहयोग करते रहेंगे।

# अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी स्कूल बस, कई शिक्षक घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्यामपुर थाना क्षेत्रांतर्गत चिंडियापुर चेकपोस्ट के पास लखीमपुर खीरी से आई शिक्षक यात्रियों की बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।
चिड़ियापुर पिकेट पर तैनात कॉन्स्टेबल जयदेव और पीआरडी बालकराम ने तुरंत बस का पिछला शीशा तोड़कर शिक्षकों को सकुशल बाहर निकाला। कुछ शिक्षकों को थोड़ी बहुत मामूली चोटें आई हैं, जिनको प्राथमिक उपचार दिलाया जा रहा है।
बस में सवार समस्त शिक्षकों ने बचाव कार्य के लिए पुलिस का धन्यवाद किया। विस्तृत जानकारी ली जा रही है।

# निगम व लोस चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने किया मंथन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महापौर नगर निगम, हरिद्वार प्रतिनिधि अशोक शर्मा की पहल पर आगामी निगम व लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्षदों और कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक महापौर कार्यालय कृष्णा नगर कनखल में आहूत की गई।
बैठक में पार्षद सुहैल कुरैशी ने कहा कि गुटबाजी को छोड़कर हमें कर्नाटक चुनाव की तरह एकजुट होकर लड़ना है। जिससे निश्चित ही हमारी विजय होगी। उन्होंने कहा कि हमें मेयर के कार्यकाल में हुए जनहित के कार्यों की एक सूची बनाते हुए पैंपलेट छपवाने चाहिए।
पार्षद उदयवीर ने कहा की महापौर द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता की बीच जाकर बताना होगा।
विपक्षी दल हमारे खिलाफ दुष्प्रचार का सहारा लेते हैं और हमारे कामों को अपना बताकर श्रेय लेने का काम करते हैं। युवा नेता भुवन महेंद्रू ने कहा की कांग्रेस धरातल पर काम करती है, लेकिन उसका प्रचार न होने के कारण कांग्रेस के कामों को जनता जान नहीं पाती। इसलिए हमें महापौर और पार्षदों द्वारा किए गए कामों को सोशल मीडिया माध्यम से बताना होगा।
महापौर अनिता शर्मा ने कहा कि नगर की जनता देख रही है कौन धरातल पर काम कर रहा है और कौन हवा हवाई बातें कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने मुझे विजयी बनाया था। मैंने उनके विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास किया है। उन्होंने कहा की निगम की बेशकीमती जमीनों पर किसी भी सूरत में अवैध कब्जे नहीं होने दूंगी। उन्होंने कांग्रेसी के सभी नेताओं और कार्यकताओं से आह्वान किया कि आगामी निगम व लोकसभा चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर एकजुट होकर लड़ें, जिससे निश्चित ही जीत कांग्रेस की होगी।

# हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए योजनाओं का लाभ : आशा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का प्रारंभ शुक्रवार से हो गया है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित महिलाओं से संपर्क साधा गया और उनके साथ सेल्फी ली गई। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं जिनमें आगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशाएं आदि से उनकी समस्याएं जानी।
प्रवास कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने लाभार्थी महिलाओं के साथ सेल्फी लेकर किया। इस दौरान प्रवास पर पहुंची भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष



का पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आशा नौटियाल ने बताया कि महिला मोर्चा ने उत्तराखंड के सभी 19 संगठनात्मक जिलों में प्रवास कर महिला मोर्चा की कार्यकताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित और सरकार की योजनाओं से वंचित रहे परिवारों से संपर्क किया।
नौटियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिये सुकन्या, उज्ज्वला गैस महिला स्वयं सहायता समूह, महिला कौशल विकास योजना आदि दर्जनों योजनाओं के द्वारा लाभ देने का कार्य हमारी सरकारें कर रही हैं। केंद्र व प्रदेश की महिलाओं के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला तक पहुंचना चाहिए। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा ने आगनबाड़ी कार्यकत्रियों से मुलाकात की। कार्यकताओं के साथ बैठक कर केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की धामी सरकार की महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ महिलाओं को दिलाए जाने को निर्देशित किया।

# भाजपा ऋषिकेश विधानसभा कार्यसमिति की हुई एक दिवसीय बैठक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार लोकसभा डा. सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्ष में चली विकास यात्रा का लाभ गांव के अंतिम कोने में रहने वाले प्रत्येक नागरिक को मिला है, जिसके कारण प्रधानमंत्री मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारे को कारगर किया है।
यह बात शनिवार को डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने देहरादून रोड पर स्थित भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कार्य समिति की एक दिवसीय बैठक में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि मोदी की मेहनत का परिणाम भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के माध्यम से आगामी होने वाले नगर निगम,



स्थानीय निकाय चुनाव के साथ वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने के बाद मिलेगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को आगामी होने वाले चुनाव के दौरान सक्रिय रखे जाने की दृष्टि से यह कार्यसमिति आयोजित की गई है। भारतीय जनता पार्टी 30 मई से 30 जून तक पूरे प्रदेश की लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंस मीट के साथ लोकसभा विधानसभा में विशाल जनसभा , विशिष्ट व्यक्ति परिवारों में संपर्क, वरिष्ठ कार्यकताओं , व्यापारियों के सम्मेलन, केंद्र और राज्य में किए गए विकास कार्यक्रम, संयुक्त मोर्चा, लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस के अलावा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात कार्यक्रम आपातकाल दिवस के दौरान पर प्रबुद्ध सम्मेलन के अधिक घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाएगी।
इसके अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश और राज्य में किए जा रहे कार्यों के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है, इतना ही नहीं आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं, जिनका लोहा विश्व के सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होने का लाभ सभी वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशभर में खुलवाए गए जनधन खातों में पैसा ही नहीं डाला, यहां तक कि उसके गारंटर भी मोदी ही बने हैं। इसके कारण लोगों का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के प्रति बढ़ा है।

G20
उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 69-DRM-23-24 dt. 26.05.2023 | 70-DRM-23-24 dt. 26.05.2023 | 66-DRM-23-24 dt. 26.05.2023 | 65-DRM-23-24 dt. 26.05.2023 |
|---|---|---|---|---|
| Name of Work | (Zone no. 1 MB) (Km.1381 to 1407) DLP-HRH All service building in MB yard between Sambhal side ROB to kapoor company, FOB and station building, Good shed, washing line etc including wood, steel, and road work in the section of JE/I/W/ station/MB and all residential building in North side of PF No 1 and up to kapoor company and near goods shed in the section of JE/I/W/ station/MB including wood work, steel work, road work under ADEN/HQ/MB | (Zone no. 3 MB) All residential/ Service building in North side and south side of main road including wood, steel & road work in the section of SSE/W/HRH under ADEN/ HQ/MB | Zone no. 2 MB) All service/ Residential building between Sambhal road and LOCO shed, ROB and south side UP dep. Line in the section of SSE/W/ South colony/MB including wood, steel & road work and All work in residential building & service Building including Loco colony & Line section of SSE/W/ Loco/MB under SSE/W/ HQ/MB, including wood, steel & road work under ADEN/HQ/MB | (Zone no.4 MB) All works in residential officer's banglow in railway officers colony, residential building in railway north colony and service building in railway north colony & railway officers colony under SSE/DRM/ Office/ MB including wood, steel & road work under ADEN/ HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 23/06/2023 16:00 | 23/06/2023 16:00 | 23/06/2023 16:00 | 23/06/2023 16:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 8999999.93 | 12599999.82 | 11200000.00 | 16399999.71 |
| Earnest Money (Rs.) | 180000.00 | 213000.00 | 206000.00 | 232000.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 09/06/2023 | 09/06/2023 | 09/06/2023 | 09/06/2023 |
| Period of Completion | 12 Months | 12 Months | 12 Months | 12 Months |

सं.: 75-W2/3/WA/Publication दिनांक: 26.05.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1618/23

## वाराणसी की बेटियों ने संयुक्त अरब अमीरात में लहराया परचम

**वाराणसी।** अबु धाबी के अल जज़ीरा क्लब में 21 मई को हुए विनर कप इन्विटेशनल इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में वाराणसी की शिवानी गुप्ता, ऋषिका रयान और अदिति सोनकर ने



पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विनर कराटे क्लब द्वारा किया गया था। शिवानी ने सीनियर कैटेगरी के काता और कुमिते वर्ग में रजत पदक जीता, वहीं अदिति सोनकर ने काता वर्ग में कांस्य पदक और कुमिते में स्वर्ण पदक जीता। जबकि ऋषिका रयान ने सब जूनियर वर्ग काता और कुमिते दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।

ये तीनों प्रतिभागियों ने जापान शोतोकान कराते डो आर्गेनाइजेशन, भारत की ओर से प्रतिभाग किया था। वाराणसी आने पर इन प्रतिभागियों का ज़ोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## जियोसिनेमा ने क्वालीफायर 2 मुकाबले के दौरान रचा एक और इतिहास

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 का आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर-जियोसिनेमा डिजिटल स्पोर्ट्स व्यूइंग की दुनिया में ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखे हुए है। जियोसिनेमा पर दर्शकों ने गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच हुए टाटा आईपीएल 2023 के क्वालीफायर 2 की पहली पारी में शुभमन गिल के सनसनीखेज शतक को देखा। गिल की इस पारी के दौरान जियोसिनेमा ने 2.57 करोड़ दर्शकों के साथ कॉनकरेंसी पीक के रूप में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। गिल के शतक और टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के चौको-छक्कों ने मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच हुए क्वालीफायर 1 के दौरान जियोसिनेमा पर कायम हुए विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। यह रिकॉर्ड आईसीसी 2019 विश्व में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए सेमीफाइनल के दौरान बना था।

टाटा आईपीएल 2023 को लेकर जियोसिनेमा के प्रेजेंटेशन ने इस सीजन के माध्यम से लगभग हर हफ्ते लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ये सब बातें इस बात का प्रमाण हैं कि यह प्लेटफार्म क्रिकेट फैंस की पहली पसंद बन गया है 17 अप्रैल को 2.4 करोड़ दर्शक एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और एमएस धोनी के सीएसके के बीच हुए मुकाबले को देखने के लिए इस मंच पर आए। यह मैच धोनी की टीम ने जीता था। यह रिकॉर्ड 12 अप्रैल को 2.2 करोड़ व्यूज के साथ बना था, जब धोनी की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक शानदार जीत दर्ज करने के लिए शानदार प्रयास किया था, लेकिन वह सफल नहीं हो सका था। वायकॉम18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित हैं कि जियोसिनेमा ने डिजिटल पर कोकरेंट दर्शकों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। यह इस बात का सबूत है कि जियोसिनेमा ने देश के हर कोने में फैंस और दर्शकों को टाटा आईपीएल का अनूठा अनुभव प्रदान करने में जो निरंतर प्रयास किया है, वह सफल रहा है।

## गजब का अनुशासन गिल को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है : विजय शंकर

**अहमदाबाद।** पावरप्ले के ओवरों में स्ट्रोक्स के लिए जगह तलाशने की शुभमन गिल की काबिलियत की तारीफ करते हुए गुजरात टाइटंस के हरफनमौला विजय शंकर ने कहा कि उसका अनुशासन उसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है। गिल ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में तीन शतक समेत 851 रन बनाकर 'आरेंज कैप' हासिल कर ली है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में 60 गेंदों में 129 रन बनाकर टीम को 62 रन से जीत दिलाई। शंकर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''उसका अनुशासन गजब का है और यही वजह है कि वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से है।

# भले ही हार गई मुंबई, लेकिन सूर्यकुमार ने रचा इतिहास, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हासिल की बड़ी उपलब्धियां

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के दूसरे क्वालिफायर मैच में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को गुजरात टाइटंस के हाथों 62 रनों से करारी शिकस्त मिली और गत चैंपियन गुजरात लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। गुजरात के युवा बल्लेबाज के शुभमन गिल की शतकीय पारी के सामने मुंबई के अनुभवी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारी फिकी पड़ गई और मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। भले ही मुंबई को इस मैच में हार मिली हो, लेकिन टीम के धाकड़



बल्लेबाड सूर्यकुमार यादव ने इस आईपीएल सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। मुंबई इंडियंस के स्टार सूर्यकुमार यादव ने इस मैच में 38 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 61 रनों का पारी खेली और उन्होंने इस सीजन अपने 605 रन पूरे किए। यह पहली बार हुआ है कि सूर्यकुमार ने एक आईपीएल सीजन में 600 से अधिक रन बनाए हों और इसके साथ सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस के दूसरे ही ऐसे बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने एक सीजन में 600 से अधिक रन बनाए हों। इससे पहले सचिन तेंदुलकर ही मुंबई इंडियंस के एकमात्र बल्लेबाज थे, जिन्होंने एक सीजन में 600 से अधिक रन बनाए हों। उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में 15 मैचों में 618 रन बनाए थे

सूर्यकुमार ने 43.21 की औसत और 181.13 की स्ट्राइक रेट से इस सीजन 605 रन बनाए हैं। मुंबई के स्टार ने इस सीजन में नाबाद 103 रनों के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ एक शतक पांच अर्द्धशतक बनाए हैं। वह इस सीजन में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। शुभमन गिल (851), फाफ डु प्लेसिस (730), विराट कोहली (639), डेवोन कॉनवे (625), और यशस्वी जायसवाल (625) आईपीएल 2023 में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले अन्य खिलाड़ी हैं।

## 'मुंबई के दो बल्लेबाज छीन सकते थे मैच, मैं लकी था', पांच विकेट चटकाकर मोहित को नहीं हुआ यकीन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने शानदारी गेंदबाजी करते हुए आईपीएल 2023 के दूसरे क्वालिफायर में मुंबई इंडियंस के पांच विकेट चटकाकर टीम की 62 रनों की जीत में अहम योगदान दिया। मोहित ने 2.2 ओवर में 10 रन देते हुए पांच विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्होंने कहा कि वह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ पांच विकेट लेकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। इस मैच में पहले बललेबाजी करते हुए गुजरात ने शुभमन गिल की शतकीय पारी (60 गेंदों में 129 रन) के बदौलत 234 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई 18.2 ओवर में 171 रनों पर सिमट गई।

मैच के बाद मोहित ने कहा कि जब सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मैदान के बीच में थे, तो उन्हें लगा कि मुंबई इंडियंस 234 रनों के लक्ष्य का पीछा कर





सकता है। मोहित ने कहा, मैं पांच विकेट लेने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। गेंद कई बार काफी स्किड कर रही थी. जब सूर्या और तिलक बल्लेबाजी कर रहे थे, तो ऐसा लगा कि मुंबई इंडियंस इस लक्ष्य का पीछा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब सूर्यकुमार बल्लेबाजी कर रहे थे तो वह गेंदबाजी में प्रयोग नहीं करना चाहते थे, उन्होंने कहा कि वह मुंबई के खिलाफ मैच में लेंथ गेंदों पर ध्यान केंदित कर रहे थे। मोहित ने कहा, 'मुझे लगा कि अगर सूर्या मुझसे आगे है, तो हम बहुत सारी चीजों के साथ प्रयोग नहीं करने जा रहे हैं। जब हम सूर्या के खिलाफ जाने की कोशिश करते है, तो हम सरलता से खेलना चाहते हैं क्योंकि उनके दिमाग में तीन-चार शॉट होने चाहिए। कभी-कभी आपको लेंथ गेंद फेंकने की जरूरत होती है क्योंकि हमेशा लेंथ के उन शॉट्स को अंजाम देना आसान नहीं होता है। गुजरात इस तरह के मैच हार चुकी है और इस तरह के मैच जीत भी चुकी है।

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस अब आईपीएल 2023 के फाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ भिड़ेगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार, 28 मई को खेला जाएगा।

## 'कप्तानी आसान नहीं है', फाइनल में पहुंचते ही हार्दिक पांड्या का बड़ा बयान

**पेरिस।** आईपीएल 2023 के क्वालिफायर 2 मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने मुंबई को 62 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं जीत से खुश हुए कप्तान हार्दिक पांड्या ने बयान देते हुए कहा कि



कप्तानी आसान नहीं है। हार्दिक ने कहा, 'कप्तानी आसान नहीं है इसके पीछे कई मुश्किल काम है। शुभमन गिल इस बार आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी कर हैं और तो मैंने टी20 क्रिकेट की एक बेहतरीन पारियों में से एक देखी है। आज की पारी बेहतरीन में से एक थी, वह कभी हड़बड़ी में नहीं दिखे। ऐसा लगा कि कोई गेंद फेंक रहा है और वह मार रहा है। वह अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सुपरस्टार होगा।'

वहीं टीम के खिलाड़ियों के बारे में कहा, 'मेरा काम आसान है कि खिलाड़ी अपने जोन में रहें और जो उनको रोल दिया गया है वह उसमें कामयाब होते रहें। राशिद तो पूरी तरह से मूमेंटम बदल देते हैं। जो वह हमारे लिए कर रहे हैं वह बहुत ही शानदार है। जब टीम मुश्किल स्थिति में होती है तो मैं उस पर भरोसा कर सकता हूं। अगर हम 100 प्रतिशत देते हैं और अच्छा करते हैं तो यह टीम के लिए अच छा है। हर कोई अपनी जिम्मेदारी लेता है। नॉकआउट किसी भी तरफ जा सकता है, लेकिन फाइनल के लिए बहुत उत्साहित हूं।'

## 7 चौके...10 छक्के, गिल ने तोड़ा सहवाग का रिकॉर्ड, खेली प्लेऑफ में सबसे बड़ी पारी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के क्वालिफायर मैच में गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल का कहर देखने को मिला। गिल ने 60 गेंदों में 129 रनों की पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। इसी के साथ गिल ने आईपीएल इतिहास में प्लेऑफ की सबसे बड़ी पारी खेल डाली। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**आईपीएल प्लेऑफ में बड़ी पारियां खेलने वाले शीर्ष-5 बल्लेबाज-**

1. शुभमन गिल (129)

गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के नाम आईपीएल प्लेऑफ में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत पारी खेलने का रिकॉर्ड है। 2023 के संस्करण में, गिल ने क्वालीफायर 2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात टाइटंस के लिए एक सनसनीखेज शतक बनाया। यह उनका इस सीजन में व्यक्तिगत तीसरा शतक भी रहा।

**2. वीरेंद्र सहवाग (122)**

वीरेंद्र सहवाग ने 2014 के आईपीएल प्लेऑफ में यादगार पारी खेली थी। क्वालीफायर 2 में, हस्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए, सहवाग ने सिर्फ 58 गेंदों पर 12 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 122 रनों की शानदार पारी खेली। सहवाग के शतक की बदौलत पीबीकेएस ने 226/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया। पीबीकेएस ने 24 रन से विजयी होकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

**3. शेन वॉटसन (117)**

मुंबई में सनराइजर्स हैदराबाद (स्स्र) के खिलाफ 2018 के फाइनल में हस्स का प्रतिनिधित्व करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज केवल 57 गेंदों पर शानदार 117 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें 11 चौके और आठ छक्के शामिल थे। वॉटसन के प्रभावी प्रदर्शन के कारण सीएसके ने 179 रनों के लक्ष्य का पीछा बड़ी आसानी से कर लिया और मैच को केवल 18.3 ओवरों में समाप्त कर दिया। इस जीत ने सीएसके को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया था।

**4. रिद्धिमान साहा (115)**

2014 के आईपीएल फाइनल में, रिद्धिमान साहा ने खिताबी मुकाबले में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया था। महज 55 गेंदों पर 115 रनों की नाबाद पारी के साथ, साहा ने बैंगलोर में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी इस उल्लेखनीय पारी में दस चौके और आठ छक्के शामिल हैं। साहा के प्रभावशाली योगदान ने पीबीकेएस को 199/4 का चुनौतीपूर्ण कुल स्कोर बनाने में मदद की। हालांकि, उनके प्रयासों के बावजूद, उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा।

**5. मुरली विजय (113)**

आईपीएल प्लेऑफ में मुरली विजय ने आईपीएल 2012 के क्वालिफायर 2 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सिर्फ 58 गेंदों पर 113 रनों की प्रभावशाली पारी खेली। उनकी पारी में 15 चौके और चार छक्के शामिल थे। चेन्नई में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए चुना और विजय के शतक की बदौलत 222/5 का शानदार स्कोर खड़ा किया। अंततः उन्होंने फाइनल में अपनी जगह पक्की करते हुए 86 रनों के बड़े अंतर से जोरदार जीत दर्ज की।

## हार के बाद रोहित ने सुनाया अपना दुखड़ा, बताया क्यों हार गई टीम

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के दूसरे क्वालिफायर मैच में गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस पर 62 रन से बड़ी जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई 18.2 ओवर में 171 रनों पर ही सिमट गई। गुजरात अब रविवार, 28 मई को फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगी। वहीं, क्वालीफायर मैच में हार के बाद मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा थोड़े निराश दिखाई दिए, पांच बार की चैंपियन मुंबई इस सीजन फाइनल में जगह नहीं बना पाई। हार के बाद कप्तान रोहित बोले की गुजरात ने पार स्कोर से 25 रन अतिरिक्त बनाए और उन्होंने कहा कि गुजरात के बल्लेबाज शुभमन गिल की पारी (129 रन) शानदार रही और उनकी 'यह एक अच्छा टोटल था, शुभमन ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। विकेट वास्तव में अच्छा था। उन्हें 25 अतिरिक्त मिले, जब हमने बल्लेबाजी की तो हम काफी सकारात्मक थे।

पर्याप्त साझेदारी नहीं कर सके। कैमरून ग्रीन और सूर्यकुमार ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन हम रास्ता भटक गए। हमने पावरप्ले में कुछ विकेट गंवाए और इस तरह के लक्ष्य का पीछा करते समय गति नहीं मिली। हम एक बल्लेबाज चाहते थे जैसे शुभमन गिल ने अंत तक बल्लेबाजी की, और आप कभी नहीं जानते - एक पक्ष छोटा है और विकेट अच्छा था, कुछ भी हो सकता है, श्रेय जहां यह होना चाहिए गुजरात ने अच्छा खेला।'

## लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा गुजरात, मुंबई पर दर्ज की बड़ी जीत

**लखनऊ।** भारतीय बल्लेबाजी की युवा सनसनी शुभमन गिल की आकर्षक शतकीय पारी और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के पांच विकेट के दम पर गुजरात टाइटंस ने यहां दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को 62 रन से करारी शिकस्त देकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। गुजरात की टीम यहां होने वाले फाइनल में चार बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा जिसने उसे चेन्नई में खेले गए पहले क्वालीफायर में 15 रन से हराया था। गिल ने 60 गेंदों पर 129 रन बनाए और इस बीच लंबे शॉट खेलने की अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और 10 छक्के लगाए। गिल ने इस बीच साई सुदर्शन (31 गेंदों पर 43 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 गेंदों पर 138 रन की साझेदारी की।

कप्तान हार्दिक पंड्या ने अंतिम ओवरों में 13 गेंदों पर नाबाद 28 रन का योगदान दिया। इससे गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर तीन विकेट पर 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मुंबई की टीम 18.2 ओवर में 171 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में



पहुंचे। इनमें सूर्यकुमार यादव ने 38 गेंदों पर 61 और तिलक वर्मा ने 14 गेंदों पर 43 रन बनाए। मोहित शर्मा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2.2 ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके अलावा राशिद खान और मोहम्मद शमी ने दो-दो विकेट हासिल किए। गिल का यह सत्र में तीसरा शतक है। उन्होंने अपने टी20 करियर का सर्वोच्च स्कोर भी बनाया।

आईपीएल के एक सत्र में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड विराट कोहली और जोस बटलर (दोनों चार शतक) के नाम पर है। गिल ने इस सत्र में सर्वाधिक 851 रन बना लिए हैं। वह एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। बड़े लक्ष्य के सामने मुंबई की टीम शुरू में लड़खड़ा गई। ईशान किशन के क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो जाने के कारण मुंबई ने नेहल बढेरा (चार) को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा लेकिन वह नहीं चल पाए जबकि कप्तान रोहित शर्मा (आठ) भी दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। इससे स्कोर दो विकेट पर 21 रन हो गया। इन दोनों को शमी ने आउट किया। इस बीच कैमरन ग्रीन को भी कोहनी में चोट लग जाने के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी थी।

मुंबई अगर पावर प्ले में 72 रन बना पाया तो उसका श्रेय तिलक वर्मा को जाता है जिन्होंने हार्दिक पर छक्के से शुरुआत की और फिर शमी के अगले ओवर में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बटोरे। वह अपनी पारी हालांकि लंबी नहीं खींच पाए और राशिद खान की लेग ब्रेक को स्वीप करने के प्रयास में बोल्ड हो गए। ग्रीन ने क्रीज पर वापसी के बाद नूर अहमद पर दो छक्के लगाए जबकि सूर्यकुमार ने राशिद खान की लगातार दो गेंदों को चौके के लिए भेज कर मुंबई की उम्मीद जगाई। जोश लिटिल ने ऐसे में ग्रीन को बोल्ड करके यह साझेदारी लंबी नहीं चलने दी। ग्रीन ने 20 गेंदों पर 30 रन बनाए। सूर्यकुमार ने लिटिल पर छक्का जड़कर 33 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन मोहित शर्मा ने अगले ओवर में उनकी गिल्लियां बिखेर दी जिससे मुंबई की रही सही उम्मीद भी समाप्त हो गई। मोहित ने विष्णु विनोद (पांच) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया जो किशन के 'कॉन्कशन सब्सीट्यूट' के रूप में उतरे थे। राशिद ने टिम डेविड (दो) को पगबाधा आउट करके जबकि मोहित ने पुछल्ले बल्लेबाजों को समेट कर गुजरात की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले बारिश के कारण मैच आधा घंटा देरी से शुरू हुआ। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात टाइटंस की टीम ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 50 रन बनाए।

## एशेज 2023 से बाहर हुईं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार लैनिंग ने मेडिकल इश्यू के कारण टीम से अपना नाम वापस लिया है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ काम कर रहे मेडिकल स्टाफ ने प्रबंधन के तहत उन्हें घर पर रहने की सलाह दी है। उनके वापसी की कोई समय सीमा निश्चित नहीं है।

लैनिंग ने पिछले साल के अंत में एक मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था, हालांकि उन्होंने जनवरी 2023 में राष्ट्रीय टीम में वापसी की थी और ऑस्ट्रेलिया को फरवरी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में खिताबी जीत दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया के महिला क्रिकेट प्रदर्शन प्रमुख शॉन फ्लेगलर ने आईसीसी के हवाले



से कहा, वह स्पष्ट रूप से लैनिंग के एशेज से बाहर होने से निराश है। यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है और हम उन्हें मिस करेंगे, लेकिन वह अपने स्वास्थ्य को पहले रखने की जरूरत को समझती हैं। उन्होंने कहा, मेग घर पर ही रहेंगी जहां वह जल्द से जल्द खेल में लौटने के उद्देश्य से मेडिकल स्टाफ के साथ काम करना जारी रखेंगी।

फ्लेगलर और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस समय लैनिंग की निजता का सम्मान करने का आह्वान किया है। एलिसा हीली एशेज सीरीज़ के लिए महिला टीम की कप्तानी करेंगी, जबकि ताहलिया मैकग्राथ उप-कप्तान होंगी। महिला एशेज 22 जून से नॉटिंघम में एक मात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। इसके बाद बहु-प्रारूप श्रृंखला के हिस्से के रूप में तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया टीमः एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लीचफील्ड, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहम।

## न्यूजीलैंड सीरीज के बाद ही गिल ने ठान लिया था अपना राह, बोले- मैंने उसके बाद ही यह काम किया था

**अहमदाबाद।** आईपीएल में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का मानना है कि आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद और न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला से पहले उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में कुछ तकनीकी बदलाव किए जिसका फायदा मिला। गिल को 2022 में टी20 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया था। कोच राहुल द्रविड़ की टीम में रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली पहले तीन क्रम के बल्लेबाज रहे। आईपीएल से पहले स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना झेलने वाले गिल ने आईपीएल के 16वें सत्र में तीन शतक समेत 851 रन बनाकर 'आरेंज कैप' हासिल कर ली है। उनके 60 गेंद में 129 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को 62 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गिल ने मैच के बाद कहा, ''पिछले वेस्टइंडीज दौरे (2022) के बाद से मैंने कुछ बदलाव किया है। मैं पिछले आईपीएल से पूर्व घायल हो गया था लेकिन अपने खेल पर काम कर रहा था। मैंने कुछ पहलुओं पर काम किया और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले तकनीकी बदलाव किए।

